भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 06.04.2024

आरेडिका में राजभाषा संगोष्ठी एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन

राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग–प्रसार तथा इसमें निरंतर उत्कृष्ट कार्य के प्रशिक्षण के उद्देश्य से आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में राजभाषा संगोष्ठी एवं हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा कार्यालय क क्षेत्र में है अतः हिंदी में कामकाज और इसके लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में हमें सदैव तत्पर रहना है । इस अवसर पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2024–25 के विभिन्न मदों पर चर्चा की गयी ।

कार्यशाला में विभिन्न विभागो से आये हिंदी केंद्रक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्हें हिंदी शब्द सिंधु जो कि गृह मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया एक बृहत् शब्दकोश है की विशेषताओं का वर्णन किया गया एवं साथ ही अनुवाद टूल्स "कंठस्थ 2.0" (अनुवाद सारथी) मोबाइल एप पर किस तरह अनुवाद कार्य में सहायता प्राप्त की जा सकती है, के संबंध में गहन जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम का संचालन सहायक सामग्री प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार द्वारा किया गया।

06/4/2024

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी